प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए की परीक्षाओं को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति को एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की सिफारिश करने का काम सौंपा गया है। समिति, परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने और अनियमितताओं को रोकने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एजेंसी की संरचना तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा करेगी।

***************

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं के मामले को व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार परीक्षाओं की गुणवत्ता और विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केन्द्र सरकार ने परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 लागू कर दिया है।

***************

भारतीय जनता पार्टी के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता बैठक चल रही है। बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री और विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवं असम के मुख्यमंत्री और सह प्रभारी हेमंत विश्व शरमा समेत पार्टी के सांसद, विधायक समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है।

***************

राज्य के साहेबगंज जिले के किसानों को भी पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

***************

भाजपा के प्रेरणा स्रोत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर आज देशभर में पार्टी की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कड़ी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के मोरहाबादी स्थित सिद्दू कान्हू पार्क में 'एक वृक्ष मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज पूरे देश में वृक्षारोपण की जा रही है।

***************

पाकुड में बकरीद के मौके पर दो समुदायों के बीच हुए विवाद को लेकर आज शांति सद्भावना समिति की बैठक हुई। मुफसिल थाना में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में हरिहरा, गोपिनाथपुर, हरीगंज के पंचायत प्रतिनिधि एवं समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। पुलिस की ओर से ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान नहीं दें आपसी भाईचारा को बनाये रखें।

***************

कोडरमा के बागीटांड के पास शांति मोटल रेस्टोरेंट में हुई फायरिंग से दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने हमला करने वाले युवकों की कार बिहार झारखंड की सीमावर्ती क्षेत्र दिबोर से बरामद कर लिया है और इस मामले में पुलिस ने 6 युवकों को हिरासत में लिया है, जिनसे लगातार पूछताछ की जा रही है।

***************

युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने सभी से एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाने का आह्वान किया। डॉक्टर मांडविया ने खेल के क्षेत्र में अपने जोश, प्रतिबद्धता और उपलब्धता के लिए सभी एथलिटों की सराहना की। श्रृंखला में भारत दो–शून्ये से आगे है।

***************

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच महिला एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच आज बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

*********समाप्त*********